महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध,
निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / अनु06 / 2024 / 713 **लखनऊःदिनांक–** 04/05/2024

विषयः–सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा, जून–2024 के परीक्षा आवेदन फार्म भराये जाने एवं "इंस्टीट्यूट सर्वे फार्म" भरे जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2024, **दिनांक 22 जून 2024** से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदन फार्म ऑनलाइन भरे जाने हेतु **दिनांक 09–05–2024 से 15–05–2024 तक** परिषद द्वारा पोर्टल खोला जा रहा है। दिनांक 15 मई 2024 के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में छात्र / छात्रा का आवेदन पत्र भरा जाना संभव नहीं हो सकेगा।

उक्त के साथ ही समस्त संस्थाओं को यह भी निर्देशित किया जाता है कि इंस्टीट्यूट लॉगिन पर "Institute Survey Form" उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त फार्म को **दिनांक 05–05–2024 से 08–05–2024 के मध्य** भरा जाना अनिवार्य है। यदि किसी संस्था द्वारा इस फार्म को दिनांक **08–05–2024 के अपरान्ह 5.00 बजे तक** पूर्ण कर सबमिट नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में संबंधित संस्थान के छात्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म **दिनांक 09–05–2024** से पोर्टल पर ओपेन नहीं होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संस्था प्रशासन की होगी।

सत्र 2024–25 हेतु निजी क्षेत्र के वे ही संस्थान संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित काउन्सिलिंग में सम्मिलित किये जाएंगे जिसके द्वारा निर्धारित समय–सीमा के अंदर "Institute Survey Form" भरकर परिषद को सबमिट किया जायेगा। उपरोक्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0–प्राशिप / अनु06 / 2024 / 714-16 **तद्दिनांक–** 04/05/2024

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन को प्रमुख सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव